तापमान
अधिकतम 26.2 डिग्री
न्यूनतम 13.6 डिग्री

हरिभूमि
# महासमुंद भूमि
रायपुर, शनिवार 29 नवंबर 2025

सरायपाली | बसना | पिथौरा | बागबाहरा | तुमगांव | खरियार रोड

12 केदुवां में चक्र पूजा महोत्सव एवं वार्षिक सम्मेलन हुआ



12 उपार्जन केंद्रों से अधिक नमी बताकर लौटा रहे धान...



## खबर संक्षेप

### तीन महिलाओं के साथ मारपीट, जुर्म दर्ज

**महासमुंद।** ब्यारा के सामने घर बनाने का विरोध करते हुए तीन लोगों ने अछरीडीह की आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, उसकी मां और बहन के साथ से मारपीट कर दी। मामले की रिपोर्ट पर तुमगांव थाने में आरोपियों के विरूद्ध जुर्म दर्ज किया गया है। पुलिस को प्रार्थिया सतवंतीन बंजारे निवासी अछरीडीह ने बताया कि वह आंगनबाड़ी कार्यकर्ता है। 27 नवंबर की सुबह वह तालाब की ओर से घर वापस जा रही थी। सुबह 10.30 बजे गांव के विकास वंशे, प्रवीण वंशे और पुष्पा बाई द्वारा हमारे ब्यारा के सामने में क्यों घर बना रहे हो, कहकर गंदी गंदी गाली गलौज कर उसकी मां के साथ मारपीट कर रहे थे। जब उसने मारपीट करने से मना किया तब गाली गलौज कर विकास वंशे द्वारा राड से प्रार्थिया के पेट को मारने लगा, जब उसने रोका तो बाएं हाथ कलाई में चोट लगी। उसी समय उसकी बहन सफुरा कोसले बीच बचाव करने आई तो उसके साथ भी मारपीट की गई। मामले में आरोपियों के विरूद्ध धारा 115(2), 296, 3(5), 351(3) बीएनएस के तहत अपराध दर्ज कर विवेचना में लिया गया।

### शिकायत : ग्रामीणों एवं करणी कृपा पावर प्लांट के बीच गहराया विवाद

# ग्रामीणों ने मांगी सुरक्षा, सरपंच पति-पंच की गिरफ्तारी से तनाव

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

करणी कृपा पावर प्लांट के भारी वाहनों की गांव में आवाजाही और हाल ही में हुए एक मामले को लेकर गांव और प्लांट प्रबंधन के बीच फिर से तनाव की स्थिति निर्मित हो रही है। प्लांट के भारी वाहनों की गांव के भीतर से आवाजाही और इसके विरोध में आवाज उठाने वाले ग्राम के जनप्रतिनिधियों की गिरफ्तारी से जुड़ा है। ग्रामीणों ने प्लांट प्रबंधन और पुलिस पर मिलीभगत कर झूठा मामला दर्ज करने और न्याय का हनन करने का आरोप लगाया है।

पूरा घटनाक्रम 25 नवंबर को तब शुरू हुआ, जब करणी कृपा पावर प्लांट की एक गाड़ी क्रमांक सीजी 11 बीएफ 9914 गांव के खराब रास्ते में फंस गई। स्थानीय ग्रामीणों के अनुसार, भारी वाहनों को गांव की संकरी सड़क से न गुजारने की अपील ग्रामीण लंबे समय से कर रहे हैं, खासकर इसलिए क्योंकि यह मार्ग तुमगांव पढ़ने जाने वाले बच्चों का मुख्य रास्ता भी है। गांव के सरपंच रामेश्वरी चेलक पंच संगीता, संतोष यादव, छबिराम एवं ग्रामीण जानकी, कुमारी, बुधवंतीन, नंदनी एवं सैकड़ों की संख्या में पुलिस अधीक्षक कार्यालय पहुंचे ग्रामीणों का कहना है कि भारी वाहनों की आवाजाही से न केवल दुर्घटनाओं का खतरा बढ़ गया है, बल्कि महिलाओं और बच्चियों के साथ छेड़छाड़ की आशंका भी बनी रहती है।



महिलाओं ने पूर्व में भी शिकायत की थी कि प्लांट के वाहनों के चालक अचानक तेज हांर्न बजाते हैं और अशोभनीय हरकतें करते हैं, जिससे गांव में महिला सुरक्षा को लेकर गंभीर चिंता पैदा हो गई है। ग्रामीणों का कहना है कि वे न्याय चाहते हैं, प्रताड़ना नहीं। समानता व न्याय की उनकी लड़ाई जारी रहेगी। इस गंभीर मामले पर प्रशासन और पुलिस की अगली कार्रवाई का इंतजार है।

### सुरक्षा के लिए चाबी, लूट का झूठा इल्जाम

गाड़ी फंसने की घटना के बाद, सरपंच पति कुंजलाल चेलक और पंच शिवकुमार टंडन सहित ग्रामीणों ने चालक से शांतिपूर्वक मुख्य मार्ग से ही आवागमन करने का आग्रह किया। हालांकि, प्लांट के वाहन लगातार भीतरी मार्ग से ही गुजरते रहे, जिसके कारण विवाद हुआ। ग्रामीणों ने अपनी सुरक्षा की दृष्टि से फंसे हुए वाहन की चाबी अपने पास रख ली। ग्रामीणों का स्पष्ट कहना है कि न तो किसी प्रकार की छीनाझपटी हुई, न ही लूटपाट का कोई अवैध कार्य किया गया। इसके बावजूद, पावर प्लांट प्रबंधन एवं मनीष सिन्हा पिता इतवारी सिन्हा के माध्यम से चालक द्वारा पुलिस में झूठा लूटपाट का मामला दर्ज करवाया गया।

### ग्रामीणों की 6 सूत्रीय मांग

6 बिंदुओं पर कार्रवाई की मांग की गई है जिसमें घटना की निष्पक्ष एवं स्वतंत्र जांच कराई जाए, सरपंच पति एवं पंच पर लगाए गए झूठे आरोपों को तत्काल निरस्त किया जाए, प्लांट के वाहनों द्वारा महिलाओं के साथ की जा रही अशोभनीय हरकतों की जांच कर उचित कार्रवाई हो। ग्राम की सुरक्षा एवं सम्मान को देखते हुए पावर प्लांट को मुख्य मार्ग से ही वाहनों का संचालन करने हेतु निर्देशित किया जाए, इस प्रकरण में शामिल दोषी अधिकारियों, प्रबंधन के विरुद्ध कठोर कार्रवाई हो। करणी कृपा पावर प्लांट को ग्राम मार्ग की तत्काल मरम्मत कराने और भविष्य में सुरक्षित मार्ग से ही भारी वाहनों के आवागमन हेतु आदेशित किए जाने की मांग ग्रामीणों ने की है।

# अंतरराज्यीय तस्करों से 25 लाख का गांजा जब्त, दो गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

- कोमाखान थाने में नारकोटिक्स एक्ट के तहत अपराध दर्ज

जिले की पुलिस ने गांजा का अवैध परिवहन कर रहे अंतरराज्यीय तस्करों के कब्जे से 25 लाख रुपए का 50 किलो गांजा बरामद किया है। मामले में दो लोगों को गिरफ्तार कर कोमाखान थाने में नारकोटिक्स एक्ट की धाराओं के तरह अपराध दर्ज कर विवेचना में लिया गया है।

मिली जानकारी के अनुसार पुलिस को सूचना मिली थी कि 2 व्यक्ति एक पुरानी सिल्वर कलर की मारूति कंपनी की स्विफ्ट डिजायर कार क्रमांक एमएच 04 डीएन 9512 के पीछे सीट में 03 सफेद रंग की बोरियों के अंदर अवैध रूप से गांजा रखकर विक्रय के लिये ओडिशा राज्य की ओर से महासमुंद की ओर आ रहे हैं। इस सूचना के बाद टेमरी नाका पहुंच कर घेराबंदी की गई। जब उक्त हुलिए की कार आती दिखी तो उसे रोका गया। पूछताछ करने पर ड्रायवर सीट पर बैठे व्यक्ति ने अपना नाम बाबी सैनी पिता अशोक कुमार सैनी (31 साल) निवासी एस-2 काशीद्वार बिल्डिंग वालकेश्वरवाडा पेन्हा दी फ्रांस बार्देश थाना परवरी जिला पणजी नार्थ गोवा एवं ड्रायवर सीट के बगल में बैठे व्यक्ति ने अपना नाम प्रकाश बेहरा पिता नरेंद्र बेहरा (26 साल) निवासी गीत गोविंद बिल्डिंग एकता नगर सिरोली थाना सिरोली जिला पुणे महाराष्ट्र होना बताया। साथ ही कार के पीछे सीट में 03 सफेद रंग की प्लास्टिक बोरियों के अंदर अवैध मादक पदार्थ गांजा रखना बताया।

कड़ाई से पूछताछ करने पर प्रकाश बेहरा ने बताया कि नपुर ओडिसा निवासी मिलन जब गोवा घूमने आया था तब उससे जान पहचान हुई थी। जिसने बताया कि हमारे ओडिशा में गांजा की खेती पहाड़ों में होती है। यहां कोई भी पुलिस वाले धरपकड़ नहीं करते है और सस्ता में गांजा मिलता है। आप लोग मेरे पास आना और मैं गांजा दिला दूंगा, जिसे आप लोग गोवा में लाकर बाहर से आये सैलानी/टूरिस्ट लोगों को अच्छे दामों में बेच कर खूब पैसा कम सकते हो। इसके बाद वे लोग गोवा से 03 दिन गुनपुर ओडिशा के लिए निकले थे। बाद गुनपुर पहुंचकर मिलन से संपर्क किया, जिसने 03 सफेद रंग की प्लास्टिक बोरियों में गांजा भरकर दिया। बदले में हम लोगों ने 50,000 रुपए नगद दिये तथा बाकी पैसा गोवा पहुंचने के बाद फोन पे या अन्य ऑनलाइन के माध्यम से देने की बात कही इसके बाद कार की तलाशी के दौरान पुलिस ने कुल 50 किलोग्राम अवैध मादक पदार्थ गांजा कीमत 25 लाख रुपए को बरामद किया। इसके अलावा आरोपियों के कब्जे से मोबाइल और कार को भी जब्त किया गया। मामले में धारा 20(ख) एनडीपीएस एक्ट के तहत कार्रवाई कर दोनों आरोपियों को गिरफ्तार किया गया।

# बेघर, घायल और टोनही के ताने झेलता परिवार, स्थानीय प्रशासन से लगाई इंसाफ की गुहार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

बागबाहरा वार्ड नं. 09 में महिला एवं उनके परिवार को टोनही कहकर प्रताड़ित किए जाने का एक सनसनीखेज मामला सामने आया है, जहां एक पूरा परिवार न केवल बेघर होकर दर-दर भटकने को मजबूर है, बल्कि हमलावरों द्वारा किए गए हिंसक वार से गंभीर रूप से घायल भी है। पीड़ित परिवार ने स्थानीय प्रशासन और पुलिस से तत्काल सुरक्षा और न्याय की गुहार लगाई है।



अश्विनी पति केशव देवार द्वारा दिए गए आवेदन के अनुसार, बुधवार शाम को उनके परिवार पर टोनही परिवार होने का आरोप लगाकर मोहल्ले के कुछ लोगों ने मारपीट शुरू कर दी। मारपीट के दौरान उन्हें उठाकर रेल की पटरी पर ले जाया गया। जब उनके बेटे प्रेमदेव, ने उन्हें बचाने की कोशिश की तो हमलावरों ने उस पर चाकू से हमला कर दिया। अश्विनी देवार ने बताया कि चाकू के वार से उनके दोनों हाथों में गंभीर चोटें आई और खून बहने लगा, जबकि बेटे प्रेमदेव की पसली में चाकू लगा है। आवेदन में उल्लेख है कि मुलाहिजा के दौरान डॉक्टरों ने प्रेमदेव को बागबाहरा से जिला अस्पताल महासमुंद रेफर किया। वहां से भी, अंदरूनी रक्तस्त्राव और चोट की गंभीरता का पता न चलने के कारण उसे मेकाहारा रायपुर रेफर कर दिया गया है, जिससे उनकी हालत की गंभीरता स्पष्ट होती है। हिंसा के बाद, अश्विनी देवार, अपनी किशोरी बालिकाओं और छोटे बच्चों के साथ तीन दिन और तीन रातों से एक ही कपड़े में और बढ़ी हुई ठंड में भटकने को मजबूर हैं। उन्होंने अपनी पीड़ा बताते हुए कहा, रात में बढ़ी हुई ठंड के चलते बच्चे बीमार हो रहे हैं। चोट से कराहते हुए बच्चों को लेकर आसमान के नीचे हम परेशान हो गये हैं।

### जेवरात छीने जाने का भी आरोप

पीड़ति ने आवेदन में यह भी आरोप लगाया कि सुशील, पुनाराम, देवकुमार और कुलेश मरकाम पिता जय कुमार मरकाम ने मारपीट के दौरान उनसे चांदी के ऐंठी, पैर के लच्छा चांदी, सोने का झुमका, सोने का मंगलसूत्र और सोने का नाक का बेसर फुल्ली जबरदस्ती छीन लिए। यह हमला न केवल जानलेवा रहा, बल्कि पूरी तरह से लूटपाट की नीयत से भी किया गया।

### टोनही प्रताड़ना का बढ़ता आतंक

आवेदन में सबसे गंभीर आरोप यह लगाया गया है कि मोहल्ले में टोनही कहकर प्रताड़ित करने का अत्याचार इतना बढ़ गया है कि कोई व्यक्ति फांसी लगाता है या डिलीवरी के दौरान कोई महिला मर जाती है, तो लोग उसे टोनही खा गई कहकर बिना पुलिस या पोस्टमार्टम के ही दफन कर देते हैं, जिस पर पुलिस भी संज्ञान नहीं लेती है। अश्विनी देवार ने कहा, लोगों का अत्याचार इतना बढ़ गया है कि हमें जीना खाना हराम हो गया है।

### करंट तार की चपेट में आने से एक की मौत

**महासमुंद।** जंगली जानवरों के शिकार के लिए बिछाए गए करंट तार की चपेट में आकर एक युवक की मौत तथा एक के घायल होने के मामले की जांच बलौदा पुलिस ने की। जांच के बाद एक आरोपी के विरूद्ध बलौदा थाने में जुर्म दर्ज किया गया है। पुलिस ने बताया कि मर्ग क्र 14/25 धारा 194 बीएनएसएस मृतक गोविंद नंद पिता घसिया नंद (23 वर्ष) अंतरझोला थाना बलौदा जिला महासमुंद का मर्ग जांच किया गया। जांच के दौरान सूचक एवं गवाहों का कथन लिया गया। जांच में पाया गया कि आरोपी संन्यासी लोहार द्वारा 11000 केवी बिजली लाइन से जंगली जानवर का शिकार करने के उद्देश्य से करीब 540 मीटर तार लगाकर रखा गया था ।

# सेमेस्टर परीक्षाएं शुरु, दो पालियों में 1707 छात्र हो रहे शामिल



हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

पीजी कॉलेज में शुक्रवार से दो पालियों में सेमेस्टर परिक्षाएं शुरु हो गई। जिसमें कुल 1707 परीक्षार्थी शामिल हो रहे हैं। परीक्षा के लिए प्रबंधन द्वारा व्यापक इंतजाम किए गए हैं, ताकि विद्यार्थी शांतिपूर्ण अपनी परीक्षाएं दे सकें। इन परीक्षाओं में न केवल पीजी कॉलेज के नियमित छात्र शामिल हो रहे हैं, बल्कि शहर के अन्य प्रमुख संबद्ध कॉलेज स्वामी आत्मानंद महाविद्यालय इंग्लिश मीडियम, श्याम बालाजी कॉलेज, और इंडियन कॉलेज के विद्यार्थी सहित प्राइवेट छात्र भी शामिल हो रहे हैं। परीक्षा प्रभारी अजय राजा से प्राप्त जानकारी के अनुसार, छात्रों की संख्या और विभिन्न संकायों को देखते हुए, परीक्षाएं दो अलग-अलग पालियों में आयोजित की जा रही हैं, प्रथम पाली में विज्ञान, वाणिज्य और कंप्यूटर एप्लीकेशन संकाय की परिक्षाएं हुई। परीक्षार्थियों की संकाय-वार संख्या बीएससी 644 परीक्षार्थी, बीकॉम 351 परीक्षार्थी, बीसीए 50 कुल परीक्षार्थी 1045 शामिल हुए हैं। द्वितीय पाली विशेष रूप से कला संकाय के परीक्षार्थियों के लिए निर्धारित की गई है। यह पाली दोपहर 1 बजे से शुरू होकर शाम 4 बजे तक चलती है। इस पाली में शामिल होने वाले परीक्षार्थियों की संख्या बीए के 662 परीक्षार्थी शामिल हुए हैं। यह परीक्षा 12 जनवरी तक चलेगी।

### जिले में अवैध धान पर कार्रवाई जारी, 2986 कट्टा धान जब्त

**महासमुंद.** बीते दो दिनों में जिले के विभिन्न क्षेत्रों में राजस्व, मंडी और पुलिस विभाग की संयुक्त टीमों द्वारा अवैध धान भंडारण पर कार्रवाई करते हुए अलग-अलग स्थानों से कुल 2986 कट्टा अवैध धान जब्त किया गया। वहीं कलेक्टर विनय कुमार लंगेह प्रतिदिन धान खरीदी केंद्रों का औचक निरीक्षण कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि राज्य शासन के मंशानुरूप धान खरीदी में किसी तरह की लापरवाही नहीं बरती जाएगी। किसानों के हित सर्वोच्च प्राथमिकता में है। उन्होंने बागबाहरा विकासखंड के अंतरराज्यीय जांच चौकी टेमरी, नर्रा, खट्टी तथा धान खरीदी केंद्र परसुली का मुआयना किया एवं आवश्यक निर्देश दिए। इस दौरान अपर कलेक्टर रवि साहू, एसडीएम नमिता मारकोले, तहसीलदार नीतिन ठाकुर मौजूद रहे। शुक्रवार को भी अवैध परिवहन, भंडारण और विक्रय के लिए प्रयास कर रहे लोगों के विरूद्ध अलग-अलग कार्रवाई की गई। जिसमें पिथौरा अंतर्गत एसडीएम बजरंग वर्मा के नेतृत्व में राजस्व टीम द्वारा ग्राम श्रीरामपुर में मायाधार के घर से 81 कट्टा धान जब्त कर मंडी सचिव को कार्रवाई का निर्देश दिया गया। इसी तरह ग्राम छुवालीपतेरा में दयाराम जांगड़े के घर से 320 बोरी संदिग्ध धान मिला, जिसे राजस्व टीम ने जब्त कर मंडी अधिनियम अंतर्गत कार्रवाई के लिए निर्देशित किया। इसी तरह बसना अंतर्गत एसडीएम हरिशंकर पैकरा के नेतृत्व में ग्राम जामनीडीह में दो प्रकरणों में 589 कट्टा एवं 53 कट्टा धान जब्त किया गया। वहीं ग्राम पल्सापाली के दो प्रकरण में 133 कट्टा एवं 59 कट्टा धान एवं 153 कट्टा धान ग्राम बांसुला में जब्त किया गया। इसके अलावा, ग्राम मोहका में 55 कट्टा अवैध धान जब्त किया गया। सरायपाली विकासखंड अंतर्गत एसडीएम अनुपमा आनंद के नेतृत्व में संयुक्त टीम द्वारा ग्राम चारभाठा में 400 कट्टा अज्ञात अवैध धान तथा ग्राम सिंगबहाल में उपेंद्र साहू के घर व्यापारी दीपक साहू का 260 कट्टा अवैध धान जब्त कर थाना सिंघोड़ा को सुपुर्द किया गया। वहीं ग्राम चिराकुटा में आनंद प्रधान के घर और गोदाम से कुल 488 कट्टा एवं 160 कट्टा धान पाया गया जिसे राजस्व टीम द्वारा जब्त कर थाना सिंघोड़ा को सुपुर्द किया गया। साथ ही ग्राम कोइलबाहल में 235 कट्टा धान जब्त किया गया है। जिला प्रशासन ने बताया कि जिले में अवैध धान के परिवहन, खरीदी एवं भंडारण के विरुद्ध अभियान लगातार जारी रहेगा।



## अंचल की खबरें

### संविधान दिवस में बच्चों को दिलाई शपथ



**धमतरी।** मां दंतेश्वरी हाईस्कूल रत्नाबांधा धमतरी में संविधान दिवस मनाया गया। विद्यालय की प्रभारी प्राचार्य श्रीमती लीला साहू ने बताया कि 26 नवम्बर 1949 को भारत के संविधान को अंगीकृत किया गया था। शिक्षिका श्रीमती वर्षा देवांगन द्वारा सभी शिक्षकों एवं बच्चों को शपथ दिलाई गई।

### शत-प्रतिशत एसआईआर के लिए जुटे पार्षद



**धमतरी।** रामपुर वार्ड में मतदाता सूची गणना प्रपत्र भरने शिविर लगाया गया है। एसआईआर कार्य को शत-प्रतिशत पूरा करने पार्षद प्रकाश सिन्हा जुटे हैं। बीएलओ माया नेताम, परमेश्वरी देवांगन, प्रीति साहू, भारती साहू, भारती सोनी, सनत साहू, आतिश मिश्रा, राजेंद्र साहू, रऊफ खान, घनश्याम साहू का पूरा सहयोग मिल रहा है।

### कोष्टापारा में मितानिनों का हुआ सम्मान



**धमतरी।** कोष्टापारा वार्ड में मितानिन दिवस मनाया गया। इस अवसर पर सुपरवाइजर श्रीमती संगीता साहू, श्रीमती बसंती साहू, मितानिन श्रीमती रेखा निर्मलकर, श्रीमती अलका पदमवार का पार्षद संतोष सोनकर एवं वार्डवासियों ने सम्मान किया।

### ज्योति का राज्यकर निरीक्षक पद पर चयन



**धमतरी।** ग्राम पंचायत पुरी की ज्योति पिता नरेश साहू का राज्यकर निरीक्षक पद पर चयन हुआ। घनश्याम सिंह साहू ने कहा कि क्षेत्र के नवयुवकों को इससे प्रेरणा मिलेगी। इस उपलब्धि पर ग्रामीण साहू समाज पुरी के पदाधिकारियों ने उन्हें माता कर्मा का स्मृति चिन्ह, शाल और श्रीफल देकर सम्मानित किया गया। मौके पर भीमराज साहू अध्यक्ष, कामताप्रसाद साहू, कुंती देवदास, लक्ष्मी, सुरुचि, गंगाबाई, लता बाई, रामबाई, नीलू, गोवर्धन, दीनदयाल, कुंजलाल, हरिशचंद, टीलूराम मौजूद थे।

### जिला अस्पताल में 50 बेबी किट बांटे



**धमतरी।** महावीर इंटरनेशनल संस्था द्वारा जिला अस्पताल में बेबी किट का वितरण किया गया। संस्था नवजात शिशुओं को इन्फेक्शन से सुरक्षा के लिए पूरे देश में बेबी किट वितरण का कार्यक्रम आयोजित करती है। इसी क्रम में धमतरी शाखा द्वारा आज 50 बेबी किट का वितरण किया। इस दौरान जिला अस्पताल के सुपरिटेंडेंट गिरीश कुमार एवं शिशु रोग विशेषज्ञ डॉ रविकिरण शिंदे ने शिशु के प्रति क्या-क्या सावधानी बरतनी चाहिए, इसके बारे में बताया। कार्यक्रम में स्टाफ नर्स साक्षी लाल का सहयोग रहा। मौके पर शाखा अध्यक्ष ज्ञानचंद लुनावत, निलेश लुंकड़, स्वरूप बैद, दिलीप बड़जात्या, धीरज नाहर, नीलू लुनावत, पिंकी नाहर उपस्थित थे।

### योग आयोग अध्यक्ष का हुआ आत्मीय स्वागत



**मगरलोड।** छग योग आयोग के अध्यक्ष व कैबिनेट मंत्री दर्जा रूपनारायण सिन्हा का ग्राम बड़ी करेली, मेघा, छोटी करेली, छिपली सहित विभिन्न ग्रामों में कार्यकर्ताओं द्वारा स्वागत किया गया। उन्होंने चेतन साहू जिला महामंत्री भारतीय जनता युवा मोर्चा के गृह निवास लुगे में कार्यकर्ताओं से मुलाकात कर उचित मार्गदर्शन प्रदान किए। सरस्वती शिशु मंदिर मगरलोड में बच्चों को योग के विषय में जानकारी प्रदान की। इस दौरान प्रमुख रूप से जनपद अध्यक्ष वीरेंद्र साहू, मंडल अध्यक्ष रोहित मोहन, जिला उपाध्यक्ष विजय यदु, रंजीत साहू, डॉ परमेश्वर साहू, शुभम शर्मा, धर्मेंद्र साहू, अजय साहू, रोहित यादव, भगत मार्कण्डेय आदि उपस्थित थे।

### वर्तमान में राष्ट्र की चुनौतियों को हराने का हथियार है एसआईआर



**धमतरी।** बीएलओ के माध्यम से विशिष्ट मतदाता पहचान के लिए चलाए जा रहे गहन अभियान एसआईआर परिपत्र को आमजनता तक पहुंचाने नगर निगम के पूर्व सभापति राजेंद्र शर्मा, डा. अम्बेडकर वार्ड के पार्षद कुलेश सोनी, रामसागर पारा वार्ड के शैलेश रजक, बनियापारा के युगल किशोर यादव, आमापारा वार्ड के पार्षद विजय मोटवानी ने मतदाताओं के बीच पहुंचकर निर्वाचन आयोग द्वारा चलाये जा रहे इस महती राष्ट्र कार्य में सहयोग प्रदान करने के लिए प्रेरित किया। अंबेडकर वार्ड के पार्षद कुलेश सोनी ने कहा है कि भारत तभी महान जब होगा वास्तविक मतदाताओं की पहचान होगी।

## नवनियुक्त डीएसपी, नायब तहसीलदार का हुआ आत्मीय स्वागत

# नगर में पुस्तकालय का हुआ लोकार्पण

■ पुस्तकें हमारी सच्ची मित्र हैं: पुनु

हरिभूमि न्यूज ⏭ मगरलोड



नगर पंचायत के वार्ड क्रमांक 10 में विश्राम गृह मार्ग पर पुस्तकालय का लोकार्पण नवनियुक्त डीएसपी डायमंड ध्रुव, नायब तहसीलदार कमलनारायण साहू, मगरलोड तहसीलदार मनोज भारद्वाज, नायब तहसीलदार दीपेंद्र पटेल, नपं उपाध्यक्ष रुक्मणि तोरण सिन्हा व पार्षदों ने किया।

नगर में पुस्तकालय लाइब्रेरी की आवश्यकता के लिए दो वर्ष पूर्व नगर पंचायत निवासी मितेश डड़सेना पिता चुम्मन लाल डड़सेना जो आज कोंडागांव में शिक्षक है, ने मुख्य नगर पालिका अधिकारी, एसडीएम, कलेक्टर से लिखित आवेदन कर मांग की थी। पूर्व नगर पंचायत अध्यक्ष नीतू खिलावन साहू का प्रयास रहा है। मुख्यनगर पालिका अधिकारी अशोक चौहान, नगर पंचायत अध्यक्ष लीलेश सुरेश साहू के साथ समस्त पार्षदों के अथक प्रयास से नगर में अच्छा पुस्तकालय का शुभारंभ हुआ है। इस दौरान ग्राम परसवानी निवासी डायमंड ध्रुव पिता स्व. बलराम सूर्यवंशी का डीएसपी और करेली बड़ी निवासी कमल नारायण साहू पिता पदुम साहू नायब तहसीलदार का मंच में आत्मीय स्वागत किया गया। मुख्य अतिथि निलेश साहू ने कहा कि नगर में लाइब्रेरी पुस्तकालय का लोकार्पण ऐतिहासिक एवं यादगार धरोहर है। छात्र छात्राएं क्षेत्र का नाम रोशन करेंगे। नव नियुक्त डीएसपी डायमंड ध्रुव, नायब तहसीलदार कमल नारायण साहू, तहसीलदार मनोज भारद्वाज, सुरेश साहू, नगर पंचायत उपाध्यक्ष रुक्मणि तोरण सिन्हा ने पुस्तकालय की महत्ता पर विचार व्यक्त किए। साहित्यकार पुनुराम साहू ने कहा कि पुस्तकें हमारी सच्ची मित्र हैं। पार्षद अशोक साहू ने पुस्तकालय में एसी एवं पुस्तक व्यवस्था करने की घोषणा की।

मौके पर विधायक प्रतिनिधि महमूद खान, पार्षद सुरेश साहू, तीजेश्वरी साहू, यशोदा साहू, वेदम चौहान, हिरवानी ठाकुर, यादराम गायकवाड, खिलावन साहू, घनश्याम साहू, तमेश्वरी साहू सहित, नरेश वर्मा, वीरेंद्र चंद्राकर, संजय पैकरा, चिरंजीव, विशाल कोसले, श्रीमती सोनी, नायब तहसीलदार दीपेंद्र पटेल, डाकवर साहू, मनोज पटेल, नीलम साहू, सुरेश साहू, ज्ञानदेव साहू, सत्यनारायण साहू उपस्थित थे। मंच संचालन हायर सेकेंडरी स्कूल प्राचार्य आत्माराम साहू तथा आभार व्यक्त मुख्य नगर पालिका अधिकारी अशोक चौहान ने किया।

## उपहार मिलने से बच्चों के चेहरे खिले



■ छग रजत जयंती महोत्सव पर दिव्यांग आवासीय विद्यालय में हुआ बाल भोज

हरिभूमि न्यूज ⏭ सिर्री

छग रजत जयंती महोत्सव पर समाज कल्याण विभाग के सहयोग से शांति मैत्री ग्रामीण विकास संस्थान द्वारा संचालित दिव्यांग आवासीय विद्यालय सिर्री में बालभोज का आयोजन किया गया। सामाजिक कार्यकर्ता गजेंद्र साहू, यामिनी साहू, कुमुद साहू, चैतन्य साहू, सूर्यांश साहू सिर्री निवासी द्वारा बालभोज में खीर, पूड़ी, केला के साथ उपहार भी दिए गए। बिस्किट, चॉकलेट, टूथब्रश, टंग क्लीनर, रूमाल, वैसलीन, इरेजर, सॉफनर, पेंसिल, कलर पेंसिल, पेन इत्यादि वस्तुएं शामिल हैं। संस्था के अध्यक्ष डॉ. मनोज साहू ने बताया कि दिव्यांग बच्चों को शिक्षित करने के साथ साथ उसकी देखरेख और संरक्षण का कार्य किया जाता है। मनीषा नेताम अधीक्षक ने बताया की दृष्टिबाधित, श्रवण बाधित, बौद्धिक मंदता, प्रमस्तिष्कीय पक्षाघात वाले बच्चों को निःशुल्क शिक्षा दी जाती है साथ ही हॉस्टल सुविधा भी उपलब्ध कराई जाती है। जानकी ध्रुव विशेष शिक्षिका ने बताया कि श्रवण बाधित बच्चों को सांकेतिक भाषा होठों की भाषा, हाथों की भाषा, आंखों की भाषा, शारीरिक भाषा के माध्यम से पढ़ाया जाता है। मनीषा साहू, तोरण तुरकाने, एनकुमारी साहू, खिलेश्वरी ध्रुव ने बताया कि दृष्टिबाधित बच्चों को ब्रेल बिंदु में शिक्षा दी जाती हैं। साथ ही गीत, गायन, हरमोनियम बजाना सिखाया जाता है। बौद्धिक मंदता और प्रमस्तिष्कीय पक्षाघात वाले बच्चों को थेरेपी दी जाती है। प्रति दिन योग व्यायाम कराया जाता है।

# मॉडल कॉलोनी जनमन योजना की सफलता का प्रतीक बनेगी

■ कांकेर सांसद भोजराज ने किया मसानडबरा में आवासीय कॉलोनी का निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ⏭ नगरी



नगरी विकासखंड के ग्राम सांकरा के आश्रित ग्राम मसानडबरा में जनमन योजना के अंतर्गत निर्माणाधीन आवासीय कॉलोनी का निरीक्षण कांकेर सांसद भोजराज नाग ने किया। इसका उद्देश्य अत्यंत विशेष पिछड़ी जनजाति कमार समुदाय के लिए सुरक्षित, आधुनिक एवं व्यवस्थित आवास उपलब्ध कराना है।निरीक्षण के दौरान जिला पंचायत अध्यक्ष अरुण सार्वा ,भाजपा जिलाध्यक्ष प्रकाश बैस, जिला उपाध्यक्ष अकबर कश्यप, विजय यदु, पूर्व जिला उपाध्यक्ष नरेश सिन्हा, जिला पंचायत सदस्य अजय ध्रुव, नगरी जनपद उपाध्यक्ष हृदय साहू, मगरलोड जनपद उपाध्यक्ष खिलेश साहू, पूर्व जनपद सदस्य दिनेश्वरी नेताम, शुभम यदु, मगरलोड मंडल अध्यक्ष रोहित मोहन साहू, नगरी मंडल महामंत्री रुपेंद्र साहू,सुलोचना साहू रवि दुबे सहित, हरि भंडारी, बालप्रसाद सोरी उपस्थित थे।

निरीक्षण के दौरान सांसद भोजरज नाग ने जिला पंचायत अध्यक्ष के प्रयासों की सराहना करते हुए कहा कि आप प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विकसित भारत 2047 के संकल्प को धरातल पर साकार करने का कार्य कर रहे हैं। मसान डबरा में विशेष पिछड़ी जनजाति के लिए आवास निर्माण अत्यंत सराहनीय पहल है। यह निर्माणाधीन मॉडल आवासीय कॉलोनी भविष्य में इस क्षेत्र की प्रगति का उत्कृष्ट उदाहरण बनेगी। उन्होंने यह भी उल्लेख किया कि जनमन योजना के तहत बन रहे आवासों में अतिरिक्त राशि जोड़कर इस कॉलोनी को और बेहतर सुविधाओं से लैस किया जा रहा है, जिससे यह एक आदर्श एवं आधुनिक बस्ती के रूप में विकसित होगी। निरीक्षण के दौरान सांसद ने निर्माण कार्य की गुणवत्ता, आधारभूत सुविधाओं और भविष्य में विकसित होने वाली सामुदायिक संरचनाओं की भी समीक्षा की। उन्होंने अधिकारियों को समयबद्ध और गुणवत्तापूर्ण निर्माण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। स्थानीय ग्रामीणों ने सांसद व जनप्रतिनिधियों से चर्चा करते हुए पेयजल, सड़क, बिजली व्यवस्था तथा अन्य आवश्यकताओं से संबंधित सुझाव रखे। जनप्रतिनिधियों ने ग्रामीणों को आश्वासन दिया कि कॉलोनी के पूर्ण होने के साथ-साथ सभी मूलभूत सुविधाओं की उपलब्धता सुनिश्चित की जाएगी। मसानडबरा की यह मॉडल कॉलोनी न केवल कमार जनजाति के जीवन स्तर में सुधार लाएगी, बल्कि जनमन योजना की सफलता का भी प्रतीक बनेगी।

# धान खरीदी : टोकन लिमिट बढ़ाकर ऑनलाइन व ऑफलाइन को 50-50 प्रतिशत करे प्रशासन

■ ऑफलाइन में टोकन नहीं कटने से मायूस होकर लौट रहे किसान

हरिभूमि न्यूज ⏭ कुरूद





धान खरीदी शुरू हुए दस दिन से अधिक हो चुके हैं, लेकिन खरीदी केंद्रों में अव्यवस्थाएं कम होने का नाम नहीं ले रही हैं। कई केंद्रों में किसानों को ऑफलाइन टोकन नहीं मिल रहा है, तो कुछ सोसाइटियों में वहां बैठे प्राधिकृत अधिकारी अपने ही चित-परिचितों एवं परिजनों का ही ऑफलाइन टोकन कटवा रहे हैं जिनसे सामान्य किसान बेहद परेशान हैं।

इन्हीं शिकायतों को देखते हुए वृहत्ताकार कृषि साख सहकारी समिति के पूर्व अध्यक्ष एवं किसान नेता चंद्रशेखर चंद्राकर ने मांग करते हुए कहा है कि वर्तमान में प्रतिदिन करीब 1500 क्विंटल की धान खरीदी सोसाइटियों में हो रही है जिसे बढ़ाकर 2000 क्विंटल की जानी चहिए। उन्होंने यह भी मांग की है कि ऑनलाइन में 50 व ऑफलाइन में किसानों से 50 प्रतिशत टोकन काटा जाये। उन्होंने बताया कि अभी कई किसानों को ऑनलाइन टोकन काटना नहीं आता है जो केवल ऑफलाइन के भरोसे हैं। ऐसे में शासन-प्रशासन को चाहिए कि वे किसानों की समस्याओं को देखते हुए यह व्यवस्था आज से ही शुरू करे।

प्राथमिक कृषि साख सहकारी समिति जुगदेही के किसान व पूर्व सदस्य हीरालाल साहू ने बताया कि ऑनलाइन टोकन सुबह 8 बजे खुलता है और मात्र 10 मिनट में सभी टोकन समाप्त हो जाते हैं। बचे 30 प्रतिशत टोकन सोसाइटी में बैठे पदाधिकारी व कर्मचारी अपने परिजनों का टोकन काट देते है। इसके कारण बाकी किसानों का मैनुअल टोकन भी जारी नहीं हो पा रहा है और किसान मायूस लौट रहे हैं। स्थिति यह है कि लक्ष्य का आधा भी धान खरीदा नहीं जा सका है। उन्होंने मांग की है कि टोकन की लिमिट तुरंत बढ़ाई जाए ताकि किसानों को राहत मिल सके।

# नपा के विपक्षी पार्षदों ने कलेक्टर से की शिकायत

हरिभूमि न्यूज ⏭ कुरूद

**आरोप**
परिषद के निर्णय में की गई है छेड़छाड़, दोषियों के खिलाफ हो कार्रवाई



नगर पालिका कुरूद परिषद के कांग्रेसी पार्षदों ने नगर पालिका की सामान्य सभा के महत्वपूर्ण विषय में निर्णय के विपरीत सत्यप्रतिलिपि में भिन्नता बताकर लोकतांत्रिक प्रक्रिया का हनन एवं नगर के जनादेश का अपमान करने का आरोप लगाते हुए कलेक्टर को ज्ञापन देकर विरोध दर्ज कराया है। शुक्रवार को कलेक्ट्रेट पहुंचे नगर पालिका उपाध्यक्ष देवव्रत साहू, नेता प्रतिपक्ष डुमेश साहू, वरिष्ठ पार्षद रजत चंद्राकर, मनीष साहू ने बताया कि 11 अप्रैल को परिषद की सामान्य सभा की बैठक आहूत की गई थी जिस पर विषय कमांक 08 में नये नगर पंचायत कार्यालय को पूर्ण सुविधायुक्त बाउण्ड्रीवाल निर्माण सहित शासन से राशि मांग किये जाने के संबंध में विचार एवं परिषद के सदस्यों द्वारा इस विषय पर विचार विमर्श करते हुए सर्व सुविधायुक्त नवीन भवन निर्माण के लिए राशि मांग करने के लिए सर्व सम्मति से निर्णय लिया गया था।

इस निर्णय पर छेड़छाड़ करते हुए वर्तमान नगर पंचायत भवन के सामने की चार दुकानों को हटाकर व्यावसायिक परिसर निर्माण करने एवं व्यावसायिक परिसर बनाने बैंक से लोन लेने की बातें लिखी गई है। वहीं 10 जुलाई को परिषद के साधारण सम्मिलन की बैठक आहूत की गई थी। जिस पर विषय क्रमांक 7 वार्ड क्रमांक 15 मंडी रोड के पास नवीन नगर पंचायत कार्यालय भवन निर्माण कार्य को स्थल परिवर्तन कर वार्ड क्रमांक 15 में केनाल रोड किनारे सांस्कृतिक भवन परिसर में ही बनाए जाने के संबंध में परिषद के सदस्यों द्वारा विचार विमर्श करते हुए मंडी रोड के पास ही सर्व सुविधायुक्त नये नगर पंचायत निर्माण करने की सर्वसम्मति से निर्णय पारित किया गया जिसकी सत्यप्रतिलिपि मिलने पर देखा गया कि इस निर्णय में भी छेड़छाड़ करते हुए नगर पंचायत कार्यालय को केनाल रोड के पास स्थानांतरित करने की बात लिखी गई है। इस विषय पर कोई भी चर्चा नहीं की गई है। इस विषय पर कांग्रेस के सभी पार्षदों ने कलेक्टर को ज्ञापन देकर सात दिन का अल्टीमेटम दिया है और मांग रखी है कि परिषद के निर्णय में छेड़छाड़ करने वाले दोषी अधिकारी के खिलाफ कार्रवाई की जाए। उपरोक्त दोनों महत्वपूर्ण विषय पर पुनः सामान्य सभा की बैठक कर नगर हित में चर्चा की जाए। इस अवसर पर कांग्रेसी पार्षद मंजू प्रमोद साहू, उर्वशी चंद्राकर, उत्तम साहू, अर्जुन ध्रुव उपस्थित थे।

### सत्यप्रतिलिपि में नहीं हुई है कोई छेड़छाड़

परिषद में जो निर्णय सदस्यों द्वारा लिया गया है, वैसे ही सत्यप्रतिलिपि में भी लिखा गया है। इन दोनों में कोई अंतर नहीं है। सभी निर्णय नगर हित में नगर को सुंदर और व्यवस्थित करने के लिए लिए गए हैं। अगर सदस्यों को आपत्ति थी तो सत्यप्रतिलिपि मिलने के तुरंत बाद या अगले परिषद की बैठक में विरोध दर्ज कराना था।

\- महेन्द्रराज गुप्ता, *सीएमओ नपा कुरूद*

### दुगली में संविधान दिवस मनाया गया

**नगरी।** ग्राम पंचायत दुगली में संविधान दिवस मनाया गया। ग्रामीणों सहित जनप्रतिनिधियों ने डॉ. भीमराव अंबेडकर के चित्र पर माल्यार्पण किया। इस अवसर पर सरपंच रामेश्वर मरकाम, भाजपा बूथ अध्यक्ष आशाराम ओटी, नरेन्द्र मरकाम, शिवा नेताम, अभिषेक नेताम, भाजपा मीडिया प्रभारी वरुण देव नेताम सहित अनेक ग्रामीण मौजूद रहे। कार्यक्रम में वक्ताओं ने कहा कि डॉ. अंबेडकर का जीवन संघर्ष, समता, शिक्षा और संविधान की मर्यादा का प्रतीक है। उनके दिखाए मार्ग पर चलकर समाज में समानता और जागरूकता स्थापित की जा सकती है।

## हाईस्कूल को हायर सेकेंडरी स्कूल में उन्नयन करने की मांग



हरिभूमि न्यूज ⏭ नगरी

हाईस्कूल तुमड़ीबहार को हायर सेकेंडरी स्कूल में उन्नयन करने की मांग को लेकर शाला विकास समिति के सदस्यों ने शिक्षा मंत्री गजेंद्र यादव से मुलाकात की। मौके पर सुक्रम साय ध्रुवा बेलरबाहरा पूर्व सरपंच, शाला विकास समिति के अध्यक्ष वोषित कौशल, मेचका सरपंच जीवनलाल नाग, मुचकुंद ऋषि पर्यटन समिति के अध्यक्ष गयाराम मांझी, घनश्याम नेताम, कपिल दास महाराज, यादव समाज के प्रदेश अध्यक्ष दिनेश यादव, भाजपा महामंत्री संतोष ठाकुर, ठेनही पंचायत के उपसरपंच रूपेश नाग मौजूद थे।

## भखारा में जिला स्तरीय रैम्प संवेदनशीलता कार्यशाला हुई

# परंपरागत व्यवसाय को आधुनिक तकनीक से जोड़ने पर दिया जोर

हरिभूमि न्यूज ⏭ अंवरी



रैम्प योजना के अंतर्गत सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यमों को सशक्त बनाने की दिशा में आईटीसीटी प्रशिक्षण केन्द्र रामलीला मैदान भखारा में जिला स्तरीय संवेदनशीलता कार्यशाला का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम रैम्प योजना के अंतर्गत निटकॉन लिमिटेड द्वारा छग राज्य औद्योगिक विकास निगम के सहयोग से आयोजित किया गया, जिसका मुख्य उद्देश्य महिलाओं, स्वयंसहायता समूह की सदस्यों एवं सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम से जुड़ने के इच्छुक प्रतिभागियों को उद्यमिता की बुनियादी जानकारी एवं व्यावहारिक प्रशिक्षण प्रदान करना था।

इस कार्यक्रम में कुल 34 प्रतिभागियों ने भाग लिया। मुख्य अतिथि अभिषेक राव शिंदे, रामकृष्ण नेताम अध्यक्ष ठेकेदार संघ नपं भखारा, पूर्व जिला महामंत्री अनुसूचित जनजाति भाजपा मोर्चा ने उद्यमिता, कृषि आधारित उद्योगों एवं परंपरागत व्यवसायों को आधुनिक तकनीक से जोड़ने की आवश्यकता पर प्रकाश डाला। भूपेन्द्र यादव पार्षद ने स्थानीय व्यापार को संगठित कर मजबूती देने एवं आपसी सहयोग से व्यवसाय विकास पर अपने विचार व्यक्त किए। विकेश कुमार साहू एकल संपर्क अधिकारी एसपीओसी निटकॉन लिमिटेड ने रैम्प योजना की विस्तृत जानकारी दी। अभिषेक राव शिन्दे उद्यमी ने व्यवसाय विस्तार की रणनीतियों, स्थानीय बाजार की संभावनाओं और प्रतिस्पर्धी वातावरण पर मार्गदर्शन दिया। रविंद्र नाग मुख्य प्रशिक्षक उद्यमिता विकास कार्यक्रम ने एमएसएमई उद्यम पंजीकरण प्रक्रिया एवं उसके लाभों की विस्तार से जानकारी दी।

कार्यशाला का उद्देश्य रैम्प योजना के प्रति जागरूकता बढ़ाना, एमएसएमई पंजीकरण प्रक्रिया की जानकारी प्रदान करना, स्थानीय व्यापार विकास के अवसरों से अवगत कराना, व्यवसायों को औपचारिक प्रणाली से जोड़ने हेतु प्रेरित करना है।

### सिरिन फेलोशिप पब्लिक स्कूल में लगा आनंद मेला

**जीजामगांव।** सिरिन फेलोशिप पब्लिक स्कूल बिरेझर में आनंद मेला का आयोजन हुआ। मुख्य अतिथि डॉ. नम्मूलाल साहू थे। अध्यक्षता प्राचार्या योगिता साहू ने की। विशिष्ट अतिथि श्रीमति लीलाबाई, दाऊलाल साहू, पुरानिक साहू, राधेश्याम यादव थे। इस अवसर पर डॉ नम्मूलाल साहू ने कहा कि बड़े बुजुर्ग बच्चों से ज्यादा प्यार करते हैं। हमें भी बच्चों के प्रति ऐसी भवना रखनी चाहिये।

* **कोण्डागांव।** विकासखंड बड़ेराजपुर के ग्राम पंचायत हरवेल आश्रित ग्राम तरईबेड़ा की शासकीय प्राथमिक एवं माध्यमिक शाला में संविधान दिवस बड़े उत्साह के साथ मनाया गया।

खबर संक्षेप



## महिलाओं ने की महादेव मंदिर में पूजा-अर्चना

**महासमुंद**। ग्राम खरोरा में अगहन महीना के चौथे गुरुवार को मां लक्ष्मी की महिलाओं ने पूजा-अर्चना की। शाम को महादेव मंदिर में माता लक्ष्मी के नाम से दीप जलाकर पूजा अर्चना की गई। इस दौरान सुखीया धीवर, अरूणा धीवर ने अगहन बृहस्पति की कहानी सुनाई। महिलाओं को बताया गया कि महालक्ष्मी को प्रसन्न करने पूरे विधि-विधान से पूजा करते हैं, जिससे उनकी कृपा सदैव परिवार पर बने रहते हैं। इस दौरान अरूणा, शिवकुमारी, सरोज, माधुरी, लेख, रेखा, ममता, उतरा, लीना, दुर्गा, पूजा, गायत्री, अंजू, मंजू, सुमित्रा, देवकी, मीना, सरोज, पूनम, कविता, मोनिका, मालती, ज्योती, नीलम आदि मौजूद रहे।




## तुमगांव नपं में आधार सेवा केंद्र संचालित

**महासमुंद**। इन हाऊस मॉडल के अंतर्गत आधार सेवा केंद्र नगर पंचायत तुमगांव में संचालित हो रहा है। आधार कार्डधारियों के आधार संबंधी समस्याओं जैसे नया आधार बनाना, आधार बायोमेट्रिक अपडेट कराना, आधार सुधार नगर पंचायत भवन तुमगांव में किया जाएगा। नया आधार बनाना निःशुल्क तथा अपडेट का कार्य निर्धारित शुल्क के साथ बनवा सकते है।

# हाईस्कूल मैदान में हुआ सांसद खेल महोत्सव का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बसना

सांसद खेल महोत्सव का आयोजन नगर पंचायत बसना के अंतर्गत हाईस्कूल मैदान में महासमुंद सांसद रूपकुमारी चौधरी के मुख्य आतिथ्य में हुआ।

खेल महोत्सव के कार्यक्रम में मीडिया से चर्चा के दौरान रूपकुमारी चौधरी ने कहा कि महासमुंद लोकसभा क्षेत्र के अंतर्गत लक्ष्य से ज्यादा बच्चों का पंजीयन कराया गया है। इससे लगता है कि बच्चों की खेल के प्रति उत्साह एवं जागरूकता आई है। बसना विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत संकुल केंद्र भुकेल, बड़े साजापली, गढफुलझर में खेल महोत्सव का आयोजन हो चुका है। आज बसना नगर में दोबारा खेल महोत्सव का आयोजन हो रहा है। खेल के प्रति बच्चों का उत्साह दिख रहा है। खेल के प्रति बच्चों की प्रतिभा को सामने लाने के लिए सांसद खेल महोत्सव का आयोजन किया जा रहा है। देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का कथन है खेलेगा इंडिया तो बढ़ेगा इंडिया के मिशन पर यह आयोजन किया जा रहा है।



छत्तीसगढ कबड्डी कोच हेमंत बारीक ने बताया कि शासन द्वारा आयोजित सांसद खेल महोत्सव निश्चित ही एक अच्छा आयोजन है। पूरे विधानसभा क्षेत्र में चल रहे खेल महोत्सव से निश्चित ही बच्चे अपने प्रतिभा का प्रदर्शन कर उच्च स्तर को प्राप्त करेंगे। पारंपरिक खेल जो उभरकर सामने नहीं आ रहे थे, सांसद खेल महोत्सव के माध्यम से इसका परिणाम सकारात्मक आयेगा। छिबर्रा से कबड्डी खेलने पहुंचे छात्रा ईश्वरी यादव ने कहा कि खेल महोत्सव में भाग लेकर मुझे बहुत अच्छा लग रहा है। आदर्श हायर सेकंडरी स्कूल, स्वामी आत्मानंद स्कूल, शासकीय कन्या शाला के अलावा पथरला सहित विभिन्न स्कूलों के छात्राओं ने उत्साह पूर्वक भाग लिया। स्कूली छात्राओं द्वारा खेल महोत्सव में भाग लेकर अपनी प्रतिभा का परिचय दिया। सांसद रूपकुमारी चौधरी ने छात्राओं के उत्कृष्ट प्रस्तुति से खुश होकर उन्हें पुरस्कार भी दिया।

सांसद खेल महोत्सव के आयोजन में मोंगरा पटेल अध्यक्ष जिला पंचायत महासमुंद, हरिशंकर पैंकरा एसडीएम, पीयूष ठाकुर सीईओ जनपद पंचायत, सूरज सिदार सीएमओ, शीत गुप्ता उपाध्यक्ष नगर पंचायत, पार्षद मुजम्मिल कादरी, महेंद्र सिंह अरोरा पिंटू, मनोज गहेरवाल पार्षद, नरेंद्र यादव मंडल अध्यक्ष, अनिल साव बीआरसी, शरण दास राजन अध्यक्ष शिक्षक संघ, मोहित पटेल उपाध्यक्ष जनपद पंचायत, भीष्म प्रधान इंजीनियर के अलावा शिक्षकों, नगर पंचायत के कर्मचारियों का विशेष योगदान रहा।

# प्रतिभा पब्लिक स्कूल में सद्भाविक क्रिकेट प्रतियोगिता का हुआ आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सरायपाली

प्रतिभा पब्लिक स्कूल बालसी में एक सद्भाविक क्रिकेट प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता में सत्र 2025 की चैंपियन टीम सैफरन हाउस और शिक्षक संघ की टीम आमने-सामने हुई। टॉस जीतकर शिक्षक संघ के कप्तान नीलम पाणिग्रही ने पहले बल्लेबाजी का निर्णय लिया। निर्धारित 5 ओवरों में टीम ने तीन विकेट खोकर 59 रन बनाए। इसमें उमेश सर ने सर्वाधिक 13 रन बनाकर नॉट आउट रहते हुए महत्वपूर्ण योगदान दिया। सैफरन हाउस को जीत के लिए 60 रनों का लक्ष्य मिला, लेकिन टीम 5 ओवरों में 6 विकेट खोकर केवल 34 रन ही बना सकी। इस प्रकार शिक्षक संघ ने 25 रनों से शानदार विजय प्राप्त की। मैच में ग्रंथपाल कुशांक शर्मा ने ऑलराउंड प्रदर्शन करते हुए दो ओवर में चार विकेट झटके और 11 रन बनाए। वहीं थमेश निषाद ने भी दो ओवर में दो विकेट लेकर टीम की जीत में अहम भूमिका निभाई। अंपायरिंग का दायित्व राजेश दुबे और निशिकांत नायक ने निभाया। विद्यालय के विद्यार्थियों ने पूरे उत्साह के साथ मैच का आनंद लिया और खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन किया।



## छग सहायक शिक्षक समग्र फेडरेशन के कार्यकारी प्रदेश अध्यक्ष बने सिराज

**महासमुंद**। छत्तीसगढ़ सहायक शिक्षक समग्र शिक्षक फेडरेशन के नवनिर्वाचित प्रदेश अध्यक्ष रविंद्र राठौर ने संगठन की प्रदेश कार्यकारणी का विस्तार करते हुए महासमुंद जिले के शिक्षक नेता सिराज बक्श को उनकी सक्रियता को ध्यान में रखते हुए लगातार तीसरी बार संगठन की बड़ी जिम्मेदारी प्रदान की है। सिराज बक्श संगठन के तीसरी बार प्रदेश अध्यक्ष बने हैं। अपनी नियुक्ति के लिए उन्होंने संगठन के प्रदेश अध्यक्ष रविंद्र राठौर, संयोजक मनीष मिश्रा के प्रति आभार जताते हुए कहा कि जिस विश्वास के साथ संगठन ने उनको यह महती जवाबदारी दी है वे दी गई जिम्मेदारी का पूरी इमानदारी और जवाबदारी के साथ निर्वाहन करेंगे। सिराज ने कहा कि उनकी पहली प्राथमिकता सहायक शिक्षकों की लंबित वेतन विसंगति का निराकरण करवाना होगा। साथ ही संगठन को रचनात्मक एवं सृजनात्मक कार्य की दिशा में आगे लाना उनका उद्देश्य होगा। कार्यकारी प्रदेश अध्यक्ष बनने पर जिला अध्यक्ष ईश्वर चंद्राकर,बीपी मेश्राम, बाबूलाल ध्रुव, प्रकाश बघेल, शरण दास, गणेश चौहान, कमलेश पटेल, विजय राजपूत, अजय बंजारे, राजेश चंद्राकर, राजेश भालेराव, मुकेश बेस, अभिषेक सालोमन, आत्माराम साहू, लव निर्मलकर, खुमान ध्रुव, ललित साहू, मनोज साहू, अशोक साहू, उमाशंकर चंद्राकर, धीरेंद्र दुबे, भूपेंद्र चंद्राकर, जाहिद कुरैशी, इम्तियाज अशरफी, यश चक्रधारी आदि ने हर्ष जताया है।




## कोसरंगी में मनाया गया मितानिन दिवस

**महासमुंद**। ग्राम पंचायत कोसरंगी में मितानिन दिवस मनाया गया। जिसमें ग्राम पंचायत कोसरंगी के सरपंच सुरेश कुमार साहू एवं पंचों द्वारा मितानिनों को साड़ी एवं श्रीफल भेंट कर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर सरपंच ने मितानिनों द्वारा स्वास्थ्य के प्रति किए गए कार्यों की सराहना करते हुए सभी मितानिनों को आगे भी अपने कर्तव्यों का निष्ठा पूर्वक निर्वहन करने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम में ग्राम पंचायत कोसरंगी सचिव ओमप्रकाश साहू, पंच टुकेश्वर साहू, घनश्याम निषाद, उत्तम साहू, जानकी साहू, मालती साहू, मालती विश्वकर्मा, गणेशी ध्रुव, तुलसी निषाद, मितानिन दीप्ति साहू, रत्ना यादव, मंगतिनन निषाद, संतोषी तिवारी, गायत्री साहू आदि उपस्थित रहे।



## हर्षवर्धन का डीएसपी पद पर चयन

**महासमुंद**। ब्राह्मण समाज ने हर्षवर्धन शर्मा का सीजीपीएससी के अंतर्गत डीएसपी पद पर चयन होने पर हर्ष जताया है। इस अवसर पर समाज के कार्यकारिणी अध्यक्ष अश्वनी तिवारी, उपाध्यक्ष मनीष शर्मा, सचिव दीपक तिवारी, सहसचिव कुंदन चतुर्वेदी, युवा प्रकोष्ठ अध्यक्ष समीर तिवारी और समाज के नागरिक उपस्थित रहे। अश्वनी तिवारी ने हर्षवर्धन की इस कामयाबी पर हर्ष जताते हुए उच्च शिखर पर पहुंचने की कामना की है। पार्षद मनीष शर्मा ने बताया कि हर्ष ने सीजीपीएससी में लगातार चार बार पास किया और पूरे छत्तीसगढ़ में 34वीं रैंक हासिल की।

## ब्लाक कार्यकारिणी का हुआ गठन, दयानंद अध्यक्ष व नरहरी सचिव नियुक्त

**सरायपाली**। सामुदायिक भवन में आयोजित सामाजिक बैठक में सर्वसम्मति से ब्लॉक कार्यकारिणी का गठन किया गया। बैठक में विभिन्न पदों पर नए पदाधिकारियों की नियुक्ति की गई। नवनियुक्त ब्लॉक पदाधिकारियों में ब्लॉक संरक्षक कमलप्रसाद चौहान, सलाहकार पीतांबर चौहान, ब्लॉक अध्यक्ष दयानन्द ताण्डी, सचिव नरहरी कुम्हार, कोषाध्यक्ष कलाराम चौहान, ब्लॉक अध्यक्ष युवा प्रकोष्ठ लक्ष्मीप्रसाद नंद , ब्लॉक अध्यक्ष महिला प्रकोष्ठ दीपांजलि ताण्डी, ब्लॉक अध्यक्ष व्यापारी प्रकोष्ठ सनतराम चौहान. ब्लॉक उपाध्यक्ष (दक्षिण क्षेत्र) सुरेश नाग, ब्लॉक उपाध्यक्ष (दक्षिण-पूर्व क्षेत्र) सुरेश कुमार, ब्लॉक उपाध्यक्ष (पश्चिम क्षेत्र) हीरालाल चौहान, ब्लॉक उपाध्यक्ष (पूर्व क्षेत्र) गोकुल सागर, ब्लॉक उपाध्यक्ष (उत्तर क्षेत्र) रामधर चौहान, ब्लॉक सहकोषाध्यक्ष धुबल साय शामिल है। कार्यकारिणी गठन के दौरान घाटकछार से विरंची बेताल, प्रमोद विभार, तोषकुमार कुम्हार, सानपंधी से मोहन चौहान, श्यामलाल चौहान, हेमसागर, भोथलडीह से डोलामणि दीप, रिमजी से बद्रीप्रसाद चौहान, निराकार सागर, बलौदा से मूलचंद सोना, सहदेव कुम्हार, संतलाल सोना, पेकिंन से रघुमनि कुम्हार,रामलाल चौहान, केंदुआ से जलंधर चौहान, कन्हैयालाल चौहान आदि मौजूद रहे।



## नवपदोन्नत प्राचार्य पुरोहित का सम्मान

**पिथौरा**। व्याख्याता से प्राचार्य पद पर पदोन्नत होने पर शासकीय उच्चतर माध्यमिक शाला सुखीपाली में नवपदोन्नत प्राचार्य राजेंद्र कुमार पुरोहित का पालक समिति, बच्चों व ग्रामीणों ने समारोह आयोजित शाल श्रीफल भेंटकर सम्मानित किया। इस अवसर पर प्राचार्य पुरोहित ने उपस्थितजनों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि शिक्षा में पूर्ण गुणवक्ता मेरी हमेशा से प्राथमिकता है। बच्चों को अच्छी से अच्छी शिक्षा मिले, इस बात पर मेरा पूरा फोकस रहता है। इस अवसर पर शाला विकास समिति अध्यक्ष प्रेमशंकर प्रधान, रक्षपाल विशाल, प्रधानपाठक एच प्रधान, संकुल समन्वयक अशोक पटेल, अंशुमान तांडी, हरीश चंद विशाल, जे मिरी, हरेश पटेल, देवेंद्र कुमारी बरिहा, केवरा वर्मा मुख्य रूप से उपस्थित रहे।

## रामजानकी मंदिर में गीता जयंती 1 को

**बिरकोनी**। ग्राम बिरकोनी के रामजानकी मंदिर में 1 दिसंबर सोमवार को गीता जयंती का आयोजन किया गया हैं। जिसका शुभारंभ प्रातः 10 बजे भक्तों द्वारा सामूहिक गीता पाठ से किया जाएगा। शाम 5 बजे गीता के महात्म्य पर संबोधन पश्चात पूजा आरती होगी। सनातन वैदिक धर्म समिति के सदस्यों ने धर्म संस्कृति के गौरवशाली क्षण में सहभागी बनने की अपील की है।

# शोक संतप्त परिवार को किया आर्थिक सहयोग

## जनपद उपाध्यक्ष हुलसी की अनूठी पहल, समाज सेवा को नई दिशा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

जनपद उपाध्यक्ष हुलसी चंद्राकर ने समाज सेवा के क्षेत्र में एक अनूठी और सराहनीय पहल की है। वे सशक्त नारी समाज सेवी समूह के माध्यम से, जिसकी वे स्वयं अध्यक्ष हैं, इस समूह में उनके साथ 12 मातृशक्ति सदस्य भी शामिल हैं, जो साल 2017 से लगातार समाज सेवा के कार्यों में जुटी हुई हैं। यह समूह हर रविवार को सार्वजनिक स्थानों की साफ-सफाई करता है, जिससे स्वच्छता के प्रति जागरूकता फैल रही है। इसके अलावा समूह विशेष धार्मिक और सार्वजनिक आयोजनों पर भी स्वच्छता अभियान चलाता है। इस पहल का उद्देश्य लोगों को स्वच्छता के महत्व के बारे में जागरूक करना और उन्हें समाज के प्रति अपनी जिम्मेदारी का एहसास कराना है।



**आर्थिक सहयोग से बढ़ाया मदद का हाथ**

इसी कड़ी में हुलसी चंद्राकर ने गांव में सेवा और सहयोग की भावना को एक नई दिशा दी। हाल ही में ग्राम बेलसोंडा स्टेशन पारा के अत्यंत गरीब परिवार से जीवन यापन करने वाले ध्रुव परिवार के नंदू ध्रुव का आकस्मिक निधन हो गया। जिनका स्वास्थ्य लंबे समय से खराब था, इस दुख की घड़ी में हुलसी चंद्राकर ने उनके घर जाकर परिवार को सांत्वना दी। उन्होंने शोक संतप्त परिवार को आर्थिक सहयोग किया एवं उनके हर दुःख सुख में सदैव खड़े रहने का आश्वासन दिया। इस सहयोग कार्य ने यह साबित कर दिया कि हुलसी चंद्राकर केवल स्वच्छता तक ही सीमित नहीं हैं, बल्कि वे लोगों के सुख-दुख में भी उनके साथ खड़ी हैं। उनकी यह पहल समाज में आपसी सहयोग की भावना को मजबूत कर रही है। इस दौरान महिला पंच भारती ध्रुव एवं बिमला चंद्राकर मौजूद रही।

## जमीन रजिस्ट्री नई गाइड लाइन को लेकर प्रदर्शन

**रायपुर**। आवास एवं पर्यावरण विभाग द्वारा जारी जमीन रजिस्ट्री की नई दर को लेकर गुरूवार को पंजीयन निवारण संगठन ने प्रदर्शन किया। हाथों में बैनर पोस्टर लेकर 7 सूत्रीय मांग के प्रति ध्यान आकर्षित कराते हुए जिला कलेक्टर के नाम ज्ञापन सौंपा। प्रदर्शनकारियों का कहना था कि भूमि की लगान प्रति वर्ग मीटर दर से एक समान दर पर निर्धारित किया जाए। शहरी क्षेत्र के लिए अलग और ग्रामीण क्षेत्र के लिए अलग दर का निर्धारण तीन वर्ष के लिए हो। नई गाइड लाइन दर में वृद्धि को वापस लिए जाने की मांग करते हुए नारे लगाए।

**रायपुर**। पूर्व महापौर प्रमोद दुबे ने गुरूवार को जनसंवाद के दूसरे दिन गांव के किसानों और छोटे जमीन का काम करने वालों से बातचीत की।

# रामपुर जंगल में सरकारी कटाई के नाम पर हो रही अवैध कटाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| झलप

समीपस्थ ग्राम रामपुर स्थित जंगल में सरकारी कटाई के नाम पर बड़े पैमाने में अवैध कटाई हो रही है। जमीनी पड़ताल में यह बात सामने आई है कि कक्ष क्रमांक 51 में लगभग 100 हेक्टेयर जंगल पूरी तरह बर्बाद हो चुका है। मौके पर पेड़ों के ठूंठ, टूटी डालियां और अवशेष साफ संकेत दे रहे हैं कि यहां लंबे समय से बिना अनुमति के कटाई की गई है। मौके का जायजा लेने पहुंचे संवाददाता को जंगल का यह बड़ा इलाका खाली पड़ा मिला।

**100 हेक्टेयर से अधिक क्षेत्र ठूंठ में तब्दील**

स्थानीय वनरक्षक भागा साहू से फोन पर संपर्क करने का प्रयास किया गया, लेकिन उन्होंने कॉल रिसीव नहीं किया। वहीं वन परिक्षेत्र अधिकारी सियाराम करमाकर ने बताया कि पिछले वर्ष कक्ष क्रमांक 52 में सरकारी कटाई हुई थी और फिलहाल कक्ष क्रमांक 53 में सरकारी कटाई जारी है, जिसका रकबा 150 हेक्टेयर है। लेकिन, कक्ष क्रमांक 52 और 53 में आधिकारिक कटाई जारी होने के दौरान कक्ष क्रमांक 51 में इतनी बड़ी मात्रा में पेड़ कैसे काटे गए? ग्रामीणों का भी कहना है कि कई दिनों से रात के समय ट्रैक्टर और ट्रॉली जंगल की ओर देखे गए हैं। बता दें कि जंगल का यह इलाका वन्यजीवों और पर्यावरण के लिहाज से बेहद संवेदनशील माना जाता है। अवैध कटाई पर समय रहते रोक नहीं लगाए जाने पर पूरा जंगल उजाड़ हो जाएगा।

## वाटरशेड महोत्सव में बच्चों ने किया उत्कृष्ट प्रदर्शन

**रायपुर**। वाटरशेड महोत्सव के कार्यक्रम के तहत तिल्दा क्षेत्र के ग्राम पिकरीडीह में विभिन्न कार्यक्रम एवं प्रतियोगिताएं आयोजित की गई। इसमें दीवाल लेखन, स्लोगन, रंगोली प्रतियोगिता, श्रमदान, भूमि पूजन एवं पारंपरिक नृत्य का आयोजन किया गया आयोजन के दौरान जनपद पंचायत उपाध्यक्ष दुलारी सुरेंद्र वर्मा, सरपंच, वाटरशेड कमेटी अध्यक्ष पीकरीडीह सरस्वती भागवत धीवर, उप सरपंच अश्वनी पाटिल सहित समस्त पंच एवं अन्य जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे। कार्यक्रम के अंत में प्रतियोगिता में विजेताओं को पुरस्कार वितरण किया गया।

# तय सीमा से अधिक आयु के बाद भी नियुक्ति, विरोध में छात्र

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

पं.रविशंकर शुक्ल विवि में कथित फर्जी नियुक्ति को लेकर छात्रों ने मोर्चा खोल दिया है। आरटीई के जरिए प्राप्त एक जानकारी के आधार पर एनएसयूआई ने नियुक्ति में गड़बड़ी का आरोप लगाया है। मामला टेक्नीशियन ग्रेड-2 के पद पर भर्ती का है। एनएसयूआई ने पूरे मामले की निष्पक्ष जांच की मांग उठाई है। एनएसयूआई ने आरोप लगाया, पं. रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय में टेक्नीशियन ग्रेड-2 के पद पर एक कर्मचारी की नियुक्ति से जुड़े दस्तावेजों तथा सूचना का अधिकार से प्राप्त अभिलेखों के परीक्षण के बाद यह गंभीर तथ्य सामने आया है कि उक्त नियुक्ति विश्वविद्यालय के अपने ही नियमों, विज्ञापन शर्तों और आयु-मानदंडों के खुल्लम-खुल्ला उल्लंघन के साथ की गई है। इस संदर्भ में कुलपति प्रो.सच्चिदानंद शुक्ल से मुलाकात कर कार्रवाई की मांग की है कहा गया है कि विज्ञापन में आयु सीमा 35 वर्ष का जिक्र था,और जिस कर्मचारी को नियुक्त किया गया उनकी उम्र 37 वर्ष 5 माह 13 दिन थी। एनएसयूआई जिला अध्यक्ष शान्तनु झा ने कहा, यह मामला मात्र अपात्र नियुक्ति का नहीं है, बल्कि इससे भी अधिक गंभीर है वह तथ्य कि विश्वविद्यालय प्रशासन ने इस नियुक्ति को बचाने के लिए क्षेत्रीय उच्च शिक्षा कार्यालय, राज्यपाल कार्यालय, यूजीसी और नैक जैसे उच्च संस्थानों को व्यवस्थित रूप से गलत एवं भ्रामक जानकारी भेजी।



# प्रोजेक्ट टाइगर, एलिफेंट के नाम पर तीन साल में 50 करोड़ से ज्यादा की राशि खर्च, धरातल पर स्थिति बदहाल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

राज्य में बाघों की संख्या बढ़ाने के साथ हाथियों की सुरक्षा के नाम पर एनटीसीए पिछले तीन वर्षों में 50 करोड़ रुपए से ज्यादा की राशि स्वीकृत कर चुकी है। चालू वित्त वर्ष में एनटीसीए ने प्रोजेक्ट टाइगर में गुरु घासीदास टाइगर रिजर्व का नाम भी सूची में शामिल कर लिया है। वर्तमान में राज्य में वर्ष 2022 की तुलना में 35 बाघ होने का दावा किया जाता है। राज्य में गुरु घासीदास को जोड़कर चार टाइगर रिजर्व हैं। राज्य में वर्तमान में जितने बाघ हैं, उनमें आधे के करीब बाघ अचानकमार टाइगर रिजर्व में हैं। एनटीसीए ने चालू वित्त वर्ष में टाइगर रिजर्व तथा प्रोजेक्ट एलिफेंट के नाम पर 18 करोड़ 71 लाख रुपए की राशि स्वीकृत की है। अब तक पहली किस्त के रूप में चार करोड़ 71 लाख रुपए की राशि दी गई है। टाइगर रिजर्व तथा एलिफेंट प्रोजेक्ट के लिए एनटीएस ने जो राशि जारी की है, उस राशि से टाइगर विचरण क्षेत्र में बाड़ लगाने के साथ सुरक्षा इंतजाम करना है। प्रवासी बाघ यहां स्थायी रूप से रहें, इसके लिए बाघ की टेरिटरी की जरूरी सुविधाएं विकसित करना है। छत्तीसगढ़ में वर्तमान में जो हालत है, उस लिहाज से प्रवासी बाघ यहां दो से तीन माह रुकने के बाद लौट जाता है। इसकी वजह पानी के साथ शिकार नहीं मिल पाना है।




**प्रति टाइगर डेढ़ करोड़ रुपए खर्च**

टाइगर रिजर्व में बाघों की सुरक्षा तथा प्रेबेस उपलब्ध कराने के नाम पर वन विभाग को एनटीसीए ने वित्तीय वर्ष 2023-24 में 22 करोड़ रुपए से ज्यादा की राशि तथा वर्ष 2024-25 में 11 करोड़ रुपए के करीब चालू वित्त वर्ष में 18 करोड़ 71 लाख रुपए स्वीकृत की है। इस लिहाज से वन विभाग के दावों के अनुसार राज्य में बाघों की सुरक्षा के नाम पर प्रति बाघ हर वर्ष डेढ़ करोड़ रुपए की राशि खर्च की जा रही है।

### बगैर गणना, गश्त किए इंद्रावती के नाम से पैसा

इंद्रावती टाइगर रिजर्व को नक्सल प्रभावित क्षेत्र बताकर वन विभाग की टीम उस क्षेत्र में ट्रैप कैमरा लगाने से बचती है। साथ ही इंद्रावती टाइगर रिजर्व में गश्त करने जाने से बचती है। बावजूद इसके इंद्रावती टाइगर रिजर्व में बाघों की गणना तथा सुरक्षा के नाम पर विभागीय अफसर एनटीसीए से पैसा ले रहे हैं। वन विभाग की इंद्रावती में टीम फील्ड में जाने से बचती है, बारिश के दिनों में जाती ही नहीं। बावजूद इसके जंगल में पुल, पुलिया निर्माण के नाम पर हर वर्ष लाखों रुपए खर्च करती है।

### नहीं हो पा रही मॉनिटरिंग

करोड़ों रुपए खर्च करने के बाद भी बाघों की मॉनिटरिंग के मामले में छत्तीसगढ़ अपने पड़ोसी राज्यों की तुलना में फिसड्डी है। पिछले दिनों उदंती-सीतानदी टाइगर रिजर्व में आया प्रवासी बाघ यूएसटीआर से निकलकर धमतरी होते हुए महासमुंद, उसके बाद बलौदाबाजार वनमंडल के बारनवापारा पहुंच गया। बार नवापारा में बाघ एक माह रहने के बाद कहां चला गया, इस बात की जानकारी जिम्मेदार अफसरों को भी नहीं है। बलौदाबाजार वन मंडल प्रबंधन बाघ की लगातार मॉनिटरिंग करने का दावा करता है। वन मुख्यालय के अफसरों के अनुसार बाघ जिस क्षेत्र से आया था, वह लौट गया। ऐसे में बाघों की मॉनिटरिंग को लेकर भी प्रश्न चिन्ह लग रहे।

### प्रे-बेस के साथ विभाग में फील्ड वर्करों की कमी

प्रवासी बाघ यहां स्थायी रूप से रहे, इसके लिए बाघ के लिए जरूरी प्रे-बेस की व्यवस्था करना है। प्रे-बेस में शिकार के लिए पर्याप्त संख्या में शाकाहारी वन्यजीवों की व्यवस्था करना है। वन विभाग द्वारा तैयार ग्रास लैंड पालतू मवेशियों के लिए चारागाह बन गया है। विभाग के पास फील्ड में काम करने कर्मचारी नहीं हैं। इसके कारण शिकार की घटनाएं बढ़ने के साथ ही बाघों की सही ढंग से मॉनिटरिंग नहीं हो पा रही। गुरु घासीदास टाइगर रिजर्व में जरूरत के मुताबिक महज 30 से 35 प्रतिशत बल है।

## खबर संक्षेप



### छात्रावास परिसर में डा. भीमराव अंबेडकर प्रतिमा का अनावरण

**महासमुंद**। राष्ट्रीय संविधान दिवस पर 26 नवंबर को शासकीय आदर्श अनुसूचित जाति पोस्ट मैट्रिक छात्रावास परिसर पेंशन बाड़ा रायपुर में भारतीय संविधान निर्माता, महान समाज सुधारक एवं मानवाधिकारों के विश्व-प्रसिद्ध विद्वान भारत रत्न डॉ. भीमराव रामजी अंबेडकर की भव्य प्रतिमा का अनावरण किया गया।

### गोस्वामी समाज की बैठक कल

**महासमुंद**। छत्तीसगढ़ सनातन दशनाम गोस्वामी समाज जिला इकाई की कार्यकारिणी बैठक 30 नवंबर रविवार को दोपहर 12 बजे ग्राम लभराकला में रामेंद्र प्रकाश गिरि के निवास में रखी गई है। इस बैठक में जिला इकाई के नवीन निर्वाचन कार्यक्रम, पारिवारिक सम्मेलन तथा आम सभा की तिथि निश्चित की जाएगी। इसके अतिरिक्त अन्य सामाजिक मुद्दों पर चर्चा की जाएगी। जानकारी देते हुए समाज के जिला अध्यक्ष तोषण गिरि गोस्वामी ने जिला इकाई के समस्त पदाधिकारियों से बैठक में उपस्थित होने की अपेक्षा जताई है।

### निःशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण शिविर 1 को

**महासमुंद**। स्थानीय स्वामी शिवानंद योग भवन प्रतिमाह 1 तारीख की तरह इस बार भी 1 दिसंबर को स्वास्थ्य परीक्षण शिविर निःशुल्क रखा गया हैं। इच्छुक व्यक्ति बीपी, शुगर की जांच करा सकते हैं। उक्ताशय की जानकारी योगगुरु तारेंद्र चंद्राकर ने दी है।

**धर्म, संस्कृति और समाज जागरण का पावन उत्सव**

# केदुवां में चक्र पूजा महोत्सव एवं वार्षिक सम्मेलन हुआ

हरिभूमि न्यूज ⏭ सांकरा

कुंभकार महासंघ फुलझर अंचल द्वारा आयोजित चक्र पूजा महोत्सव एवं वार्षिक सम्मेलन 2025 तीन दिवसीय आयोजन के बाद ग्राम केदुवां शाखा सभा बोंदा में 25 नवंबर से प्रारंभ होकर 27 नवंबर को पूर्णाहुति हवन के साथ हुआ। 26 नवंबर को आयोजित आम सभा एवं अतिथि सत्कार समारोह में मुख्य अतिथि शंभूनाथ चक्रवर्ती अध्यक्ष माटीकला बोर्ड छग शासन एवं अति विशिष्ट अतिथि चातुरी नंद, विधायक सरायपाली उपस्थित रहीं।

विशिष्ट अतिथियों में जनपद सदस्य उषा तेजराम पटेल, जप अध्यक्ष प्रतिनिधि प्रकाश पटेल, तेजराम पटेल, पूर्व जिला सदस्य वृंदावती सोमनाथ पांडेय, सरपंच केंदुआ आनंद बेहरा, प्रमोद सागर, सुरोतीलाल, प्रमोद पटेल एवं इकबाल खान, उपसरपंच सांकरा श्रीमती मिथिला राणा, ग्राम गोटिया दीनानाथ नायक शामिल रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता कुंभकार महासंघ फुलझर अंचल के अध्यक्ष धर्मेंद्रनाथ राणा ने की।

आयोजन में वरिष्ठ एवं वृद्धजनों का सम्मान, प्रतिभावान विद्यार्थियों का सम्मान एवं विभिन्न क्षेत्रों में समाज कार्य करने वालों का सम्मान किया गया। सम्मानित विद्यार्थियों में तानिया पांडे,



राजेंद्र राणा, हस्तिना राणा, दीक्षा, दीपिका, गुलशन, कौशल्या सहित कुल 9 विद्यार्थी शामिल रहे। सामाजिक व शिक्षण क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य के लिए शंकरलाल राणा (भूतपूर्व महासचिव), विजय पांडे (अध्यक्ष मंदिर निर्माण समिति), हितेंद्र पांडे (शिक्षक), सुरेश राणा (संचालक स्कॉलर्स स्कूल सांकरा), अशोक राणा (अध्यक्ष युवा प्रकोष्ठ), चंद्रशेखर पांडे (सभापति गढ़फुलझर), गोवर्धन राणा (सभापति बोंदा), देवार्चन राणा (शिल्पकार), कैलाश राणा (शिल्पकार) का सम्मान किया गया। जरूरतमंद हितग्राहियों को 10 इलेक्ट्रॉनिक चक्के वितरित किए गए। सेवा कार्यों में शुभा नर्सिंग होम सरायपाली द्वारा 178 मरीजों का निःशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण, 55 लाभार्थियों को निःशुल्क दंत चिकित्सा, त्रिलोचन नेत्रालय संबलपुर द्वारा 173 हितग्राहियों को नेत्र जांच एवं 23 समाजजनों द्वारा रक्तदान किया गया। इस अवसर पर कुराल पुराण का गायन किया गया एवं प्रतिवेदन वाचन लक्ष्मीनारायण पांडे द्वारा किया गया। रात्रिकालीन सांस्कृतिक प्रस्तुतियां आकर्षण का प्रमुख केंद्र रहीं।

मुख्य अतिथि शंभूनाथ चक्रवर्ती ने समाज की सांस्कृतिक जड़ों से जुड़े रहने का संदेश दिया तथा अति विशिष्ट अतिथि विधायक चातुरी नंद ने कुम्हार समाज की ऐतिहासिक भूमिका पर प्रकाश डाला। उनके द्वारा समाज उत्थान के लिए 5, 00, 000 की सहायता की घोषणा की गई है। कार्यक्रम का संचालन क्षीरसागर राणा, हितेंद्र पांडे एवं सुशांत राणा द्वारा किया गया। इस संबंध में जानकारी अशोक कुमार राणा ने प्रदान की।

**समस्या : समिति कर्मचारियों की हड़ताल से पहले भी हुई किसानों को हुई भारी परेशानी**

# उपार्जन केंद्रों से अधिक नमी बताकर लौटा रहे धान, किसान हो रहे परेशान

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्रा

छत्तीसगढ़ में विगत 15 नवंबर से समर्थन मूल्य पर धान की खरीदी की शुरूआत हो गई है। क्षेत्र में धान की कटाई चल रही है। किसान धान विक्रय के लिए ऑनलाइन तुहर हाथ टोकन कटवाने च्वाइंस सेंटरों में भीड़ लग रही है। और कुछ किसान स्वयं के मोबाइल से टोकन काट रहे हैं। किसानों ने उपार्जन केंद्र नर्रा और परसुली सोसायटी में धान विक्रय करने पहुंच तो रहे है, लेकिन बेचने के लिए लाए गए धान निर्धारित 17 प्रतिशत मानक से अधिक नमी के कारण सोसायटियों से वापस भेजकर धान सुखा कर लाने की





सलाह दी जा रही है।

जबकि, किसानों ने बताया कि भाड़े के ट्रैक्टर व पिकअप वाहन लोडिंग अनलोडिंग का दोहरा भार पड़ रहा है, ऐसे में अन्नदाता किसान परेशान हो रहे है। वहीं सोसायटियों में ले जाने से पहले नमी युक्त धान न हो, इसके लिए किसान अपनी उपज को घर के आंगन या गली व सड़क किनारे धूप में सुखाते नजर आ रहे है। किसान अपने बारी वाले दिनों के पहले धान ले जाकर मशीन से नमी की जांच भी करवा रहे हैं। प्रबंधकों और ऑपरेटरों ने हड़ताल से वापस आने के बाद खरीदी कार्य में गति आ रही है। दो एकड़ तक के सीमा वाले किसानों को अधिकतम 1 टोकन जारी करने का फरमान है। वहीं 2 से 10 एकड़ वाले किसानों का 2 टोकन और 10 एकड़ से ऊपर वाले किसानों का 3 टोकन जारी करने का फरमान मार्कफेड ने जिला कलेक्टर को आदेश के बाद सोसायटियों में लागू कर दी गई है।

## एसआईआर के लिए ब्लाक प्रभारियों की नियुक्ति

हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद

कांग्रेस जिलाध्यक्ष डॉ रश्मि चंद्राकर ने वर्तमान में चल



रहे एसआईआर को जिला कांग्रेस कमेटी द्वारा जिले के सभी ब्लाकों में प्रभारी की नियुक्ति की है। शहर के लिए ब्लाक अध्यक्ष खिलावन बघेल और ब्लाक प्रभारी देवेश साहू, महासमुंद ग्रामीण ब्लाक अध्यक्ष ढेलू निषाद, ब्लाक प्रभारी मुकेश यादव, झलप पटेवा ब्लाक अध्यक्ष खिलावन साहू, ब्लाक प्रभारी गणेश शर्मा, बागबाहरा ग्रामीण ब्लाक अध्यक्ष रवि निषाद, ब्लाक प्रभारी गुरमीत चावला, बागबाहरा शहर ब्लाक अध्यक्ष भूपेंद्र ठाकुर, ब्लाक प्रभारी इश्तियाक खैरानी, कोमाखान ब्लाक अध्यक्ष संतोष पटेल, ब्लाक प्रभारी केशव चंद्राकर, पिथौरा ब्लाक अध्यक्ष करण सिंह दीवान, ब्लाक प्रभारी दुर्गा सागर, हेमलता निषाद, सांकरा ब्लाक अध्यक्ष रविशंकर कश्यप, ब्लाक प्रभारी महेंद्र बाघ, बसना ब्लाक अध्यक्ष विजय साहू, ब्लाक प्रभारी दाऊलाल चंद्राकर, सरायपाली शहर ब्लाक अध्यक्ष आरएन आदित्य, ब्लाक प्रभारी मोक्ष प्रधान, सरायपाली ग्रामीण ब्लाक अध्यक्ष पुष्पेंद्र पटेल, ब्लाक प्रभारी अरविंदर छाबड़ा, छुईपाली ब्लाक अध्यक्ष बलराम भोई, ब्लाक प्रभारी गौरव चंद्राकर, अमन चंद्राकर, भंवरपुर ब्लाक अध्यक्ष जितेंद्र सिदार, ब्लाक प्रभारी नितेंद्र बनर्जी, सचिन गायकवाड़ को जिम्मेदारी दी गई है है।

### ठंड में अलाव का सहारा



**नर्रा**। छग के कुछ हिस्से में शीतलहर चलने की संभावना है। इससे ठंड की फिर वापसी व बादल छंटते ही क्षेत्र में ठिठुरन बढ़ने लगी है। लोग गर्म कपड़े का उपयोग तो कर रहे है। अलसुबह ठंड से बचने लकड़ी से अलाव भी जला रहे है।

## कन्या महाविद्यालय में मनाया गया छत्तीसगढ़ी राजभाषा दिवस

हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद

शासकीय माता कर्मा कन्या महाविद्यालय में 28 नवंबर को छत्तीसगढ़ी राजभाषा दिवस का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ प्राचार्य एवं सहायक प्राध्यापकों द्वारा दीप प्रज्वलन और छत्तीसगढ़ महतारी के छायाचित्र पर माल्यार्पण से किया गया। इस अवसर पर प्रभारी प्राचार्य एवं विभागाध्यक्ष डॉ. सरस्वती वर्मा द्वारा छत्तीसगढ़ी भाषा की समृद्ध परंपरा, गौरव और संवैधानिक प्रतिष्ठा को रेखांकित करते हुए जनसमुदाय में छत्तीसगढ़ी भाषा के प्रति जागरुकता, गर्व एवं भाषा-संवर्धन की भावना पर विस्तार पूर्वक प्रकाश डाला गया। ओंकार प्रसाद साहू सहायक प्राध्यापक हिंदी ने अपने उद्बोधन में कहा कि छत्तीसगढ़ी भाषा न केवल हमारी




सांस्कृतिक पहचान है, बल्कि यह जनमानस की भावनाओं, लोकजीवन और परंपराओं की संवाहक भी है। उन्होंने छात्राओं से आग्रह किया कि वे अपनी मातृभाषा के संरक्षण और प्रसार में सक्रिय भूमिका निभाएं। महाविद्यालय के छात्राओं ने भी ने छत्तीसगढ़ी कविता-पाठ, लोकगीत, भाषण के माध्यम से भाषा की विविधता और सौंदर्य छत्तीसगढ़ी भाषा की विकास यात्रा, साहित्यिक परंपरा को प्रभावशाली ढंग से प्रस्तुत किया। कार्यक्रम के अंत में जगदीश प्रसाद खटकर सहायक प्राध्यापक भूगोल ने अपने संबोधन में कहा कि महाविद्यालय आगामी समय में छत्तीसगढ़ी भाषा पर शोध, कार्यशालाएं और साहित्यिक गतिविधियां आयोजित कर भाषा-संवर्धन के प्रयासों को और मजबूत करेगा। कार्यक्रम में महाविद्यालय के समस्त शैक्षिक एवं आज शैक्षणिक स्टाफ एवं स्नातकोत्तर एवं स्नातक अंतिम वर्ष की छात्राएं उपस्थित रहे।

## एमकेबाहरा में श्रीमदभागवत का आयोजन, रुक्मिणी विवाह, सुदामा चरित्र व कृष्ण रासलीला की सुनाई कथा

**महासमुंद**। ग्राम एमकेबाहरा में आयोजित सात दिवसीय श्रीमद्भागवत कथा के पांचवे दिन कथावाचक हरि ॐ शरण महाराज ने महारासलीला व रुक्मिणी विवाह का वर्णन किया। कथावाचक ने कहा कि गोपियों ने भगवान कृष्ण से उन्हें पति रूप में पाने की इच्छा प्रकट की। भगवान कृष्ण ने गोपियों की इस कामना को पूरा करने का वचन दिया। अपने वचन को पूरा करने के लिए भगवान ने महारास का आयोजन किया। इसके लिए शरद पूर्णिमा की रात को यमुना तट पर गोपियों को मिलने के लिए कहा गया। कृष्ण की बांसुरी की धुन सुनकर सभी गोपियां उनसे मिलने को आतुर हो जाती है। वृंदावन स्थित निधिवन ही वह स्थान है, जहां कृष्ण ने महारास रचाया था।

यहां भगवान ने एक अद्भुत लीला दिखाई थी, जितनी



गोपियां उतने ही कृष्ण के प्रतिरूप प्रकट हो गए। सभी गोपियों को उनका कृष्ण मिल गया और दिव्य नृत्य शुरू हुआ। रुक्मिणी विवाह का वर्णन करते हुए कहा कि भगवान कृष्ण ने सभी राजाओं को हराकर विदर्भ की राजकुमारी रुक्मिणी को द्वारका में लाकर उनका विधिपूर्वक पाणिग्रहण किया। मौके पर आयोजक मंडली की ओर से आकर्षक वेश-भूषा में कृष्ण व रुक्मिणी विवाह की झांकी प्रस्तुत कर विवाह संस्कार की रस्मों को पूरा किया। सात दिवसीय श्रीमद्भागवत कथा के सप्तम दिवस में सुदामा चरित्र का वर्णन किया। सुदामा का जीवन हमें सिखाता है कि सच्ची भक्ति का आधार भौतिक साधन नहीं, बल्कि निर्मल मन और भगवान के प्रति अटूट विश्वास है। कृष्ण और सुदामा की मित्रता संसार को यह संदेश देती है कि भगवान अपने भक्तों से केवल प्रेम की अपेक्षा करते हैं। निर्धन होते हुए भी सुदामा की भक्ति और समर्पण ने उन्हें लोक-लाज और मोह से परे भगवान का प्रिय बना दिया। झांकी के माध्यम से की जा रही श्रीमद भागवत महापुराण कथा सुनने ग्रामवासियों की भीड़ जुट रही है। आयोजन को सफल बनाने में कीर्ति भट्ट, राजेश्वरी रानी चंद्राकर, नीलेश्वरी चंद्राकर, राधिका साहू महिला समूह की टीम के अलावा पूर्व सरपंच कमल नारायण साहू, भुखन पटेल, ग्राम प्रमुख देवक राम साहू आदि जुटे हुए हैं।

## वार्ड 04 में नपाध्यक्ष ने किया सीसी नाली निर्माण कार्य के लिए भूमिपूजन

**महासमुंद**। शहर के वार्ड क्रमांक 04 में नाली निर्माण कार्य का भूमिपूजन नगर पालिका अध्यक्ष निखिलकांत साहू तथा वार्ड पार्षद राहुल आवडे ने अन्य पार्षदों, जनप्रतिनिधियों, वार्ड वासियों की उपस्थिति में की। उल्लेखनीय है कि एक दिन पहले ही वार्ड 3 एवं 4 के नागरिकों ने संयुक्त रूप से पालिकाध्यक्ष साहू से भेंट कर वार्ड में सड़क, नाली की मांग की थी। अध्यक्ष ने अधिकारियों को तत्काल कार्रवाई निर्देश भी दिए। वार्ड क्रमांक 4 में संजय गिरी घर से अंगद पटेल घर तक नाली निर्माण के लिए भूमिपूजन अवसर पर अध्यक्ष साहू ने कहा कि नागरिकों को मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराना पालिका का प्रथम दायित्व है। शहर का चहुंमुखी विकास हमारा लक्ष्य है, और उसी लक्ष्य की प्राप्ति की दिशा में हम आगे बढ़ रहे हैं। वार्ड पार्षद राहुल आवडे ने कहा कि नगर पालिका



अध्यक्ष के प्रयासों से सभी वार्डों में सड़क, नाली, लाइट की व्यवस्था की जा रही है। वार्ड 4 में आज नाली निर्माण के लिए भूमिपूजन हो रहा है। निर्माण पूर्ण होने के बाद स्थानीय लोगों को सुविधा मिलेगी। इस अवसर पर सभापति जय देवांगन, ज्योति रिंकू चंद्राकर, जितेंद्र ध्रुव, पार्षद मुस्ताक ख़ान, सुनैना पप्पू ठाकुर, धनेंद्र चंद्राकर, नीरज चंद्राकर, सीता टोंडेकर, पीयूष साहू, चंद्रशेखर बेलदार, बड़े मुन्ना देवार, वार्डवासी आत्माराम साहू, ललिता ठाकुर मौजूद रहे।

**जिले में 86 हजार 307 टन धान की खरीदी, टोकन तुहर एप से किसानों को सुविधा**

# अन्नदाताओं की मेहनत को मिल रहा है उचित मूल्य

हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद

खरीफ विपणन वर्ष 2025-26 में राज्य सरकार के मंशानुरूप जिले में धान खरीदी का कार्य सुचारू रूप से जारी है। जिले के 182 धान उपार्जन केंद्रों में आज दिनांक तक 80 हजार 600 टन धान की खरीदी की जा चुकी है तथा 28 नवंबर को 5707 टन धान की खरीदी की जाएगी। इस प्रकार आज शाम तक कुल 86307 टन धान की खरीदी की जाएगी। बता दें कि जिले में धान खरीदी का अभी 40 दिन शेष है।

जिले के सभी धान उपार्जन केंद्रों में धान खरीदी शुरू हो गई है। इसी क्रम में जिले के ग्राम बेलसोंडा धान उपार्जन केंद्र में विपणन वर्ष 2025-26 के तहत धान खरीदी सुचारू और पारदर्शी तरीके से जारी है। अब तक








केंद्र में 9, 330.80 क्विंटल से अधिक धान की खरीदी हो चुकी है, जिसमें 2, 346.80 क्विंटल मोटा धान तथा 6, 984 क्विंटल सरना (पतला) धान शामिल है। किसानों की बढ़ती भागीदारी और सुव्यवस्थित व्यवस्थाएं खरीदी केंद्र की सफलता को दर्शाती हैं। बेलसोंडा के केंद्र प्रभारी ने बताया कि अधिकांश किसान पहले से ही ऑनलाइन टोकन कटवाकर निर्धारित समय पर धान लेकर केंद्र पहुंच रहे हैं। इससे खरीदी प्रक्रिया तेज, सरल और भीड़मुक्त बनी हुई है। यहां धान बेचने आए नांदगांव के किसान भूपेंद्र कुमार पटेल ने अपने 7 एकड़ खेत से उपजाया 80 क्विंटल धान बेचकर खरीदी प्रक्रिया पूरी की। उन्होंने बताया कि ऑनलाइन टोकन प्रणाली से उन्हें केंद्र पर इंतजार नहीं करना पड़ा और पूरी प्रक्रिया सहज रही। इसी तरह नांदगांव की सतीश सोनी ने अपने 5 एकड़ खेत से उपजाए गए धान में से 28 क्विंटल धान बेलसोंडा केंद्र में बेचा। वे भी निर्धारित समय पर पहुंचीं और बिना किसी परेशानी के खरीदी प्रक्रिया संपन्न की। इसी तरह घोड़ारी गांव के लघु कृषक पवन कुमार चक्रधारी ने 2 एकड़ कृषि भूमि पर अपनी मेहनत से उपजाएं 44.40 क्विंटल धान केंद्र में आसानी से विक्रय किया। छोटे किसान होने के बावजूद उन्होंने समय पर टोकन कटवा कर खरीदी का लाभ उठाया और सरकार की किसान हितैषी नीतियों की सराहना की।

### बेहतर व्यवस्थाएं बनी सुगम खरीदी का आधार

केंद्र प्रभारी ने बताया कि केंद्र में खरीदी कार्य पूरी पारदर्शिता और कम्प्यूटरीकृत प्रक्रिया के साथ किया जा रहा है। टोकन की सुविधा नजदीकी सीएससी, मोबाइल ऐप व सहकारी समिति कार्यालय में उपलब्ध है। यहां बारदाना पर्याप्त मात्रा में उपलब्ध है। तौल, नमी की जांच और भुगतान प्रणाली पूरी तरह डिजिटाइज्ड है। किसानों को 72 घंटे के भीतर भुगतान सीधे बैंक खाते में जमा किया जा रहा है। बेलसोंडा केंद्र में सुव्यवस्थित व्यवस्थाओं के चलते किसानों का विश्वास और सहभागिता लगातार बढ़ रही है। आने वाले दिनों में और अधिक मात्रा में किसानों के धान की खरीदी होने की उम्मीद है।

online Booking:-www.tripuryatra.com

बिलासपुर, रायपुर, दुर्ग, गोंदिया से होकर
सुविधा ज्यादा सबसे कम राशि पर
स्पेशल ट्रेन से - 20 दिसंबर से 30 दिसंबर 2025 (11 दिन)
रामेश्वरम् धाम यात्रा
श्री रामेश्वरम् धाम ज्योतिर्लिंग, श्री तिरूपति बालाजी,
श्री मल्लिकार्जुन ज्योतिर्लिंग, मदुरै श्री मीनाक्षीदेवी,
श्री कन्याकुमारी,
राशि :- स्लीपर 16,500/-, 3 एसी-27,500/-, 2 एसी 32,500/- (+5% GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
RAIPUR- D-36, Sector-4, Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza, Power House Road
संपर्क करें:-7354 411411